राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर

क्रमांकः–मुसप्र/2016/ 364 दिनांकः– 17/6/16.

आदेश

मण्डल की 229वीं बैठक दिनांक 27.01.2016 के बिन्दु संख्या 229.21 में लिये गये निर्णयानुसार बनास विहार योजना, टोंक में निम्न अवशिष्ठ आवास को नीलामी के माध्यम से एवम् मण्डल की 230वीं बैठक दिनांक 01.04.2016 के बिन्दु संख्या 230.21 में लिये गये निर्णयानुसार आवासीय अभियन्ता, खण्ड–प्रथम/द्वितीय/ग्यारह/तेरह, जयपुर के अधीन अवशिष्ठ निम्न आवासों का नीलामी के माध्यम से निस्तारित किया जाना है –

क्र. सं.	योजना का नाम	वर्ग	संबंधित खण्ड	आवास संख्या	कुल आवास/ फलेट
1	इन्दिरा गांधी नगर आवासीय योजना, जगतपुरा	MIG-B	खण्ड द्वितीय	6/MB/373, 7/MB/144, 7/MB/167, 14/MB/210,	04
		HIG	ग्यारह	5/H/204	01
		LIG	तेरह	10/L/385	01
2	बनास विहार योजना	EWS	टोंक	4/96	01
				कुल आवास	**07**

अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता–प्रथम/उप आवासन आयुक्त, वृत तृतीय, जयपुर निम्न शर्तों के आधार पर नीलामी योजना मे आवासों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

1. आवास आवंटन हेतु कोई भी पंजीकृत आवेदक लम्बित नही है।
2. उक्त आवासो के अलावा स्कीम में कोई भी अन्य आवास नीलामी योजना हेतु रिक्त नही है।
3. उक्त आवासो का निस्तारण उचित प्रचार–प्रसार के माध्यम से किया जावें।
4. उक्त आवासो का पूर्व में यदि नीलामी से निस्तारण के प्रयास विफल रहे हो एवं फ्लेटो का निस्तारण नीलामी योजना के अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार से करने पर अधिक आय प्राप्त नहीं हो सकती यह सुनिश्चित कर ही निस्तारण करें।
5. प्रस्तावित फ्लेटो में किसी भी प्रकार का विवाद/न्यायिक विवाद लम्बित नहीं है एवं विधिवत निरस्त किये गये है।
6. अलग–अलग प्रस्तावो पर उक्त आवासो में से कोई भी आवास की स्वीकृति पूर्व में जारी की जा चुकी है तो तत्काल अद्योहस्ताक्षरकर्ता की जानकारी में लाकर निरस्त करवानें के उपरान्त ही निस्तारण करें।
7. नीलामी योजना से संबंधित सभी आदेशो की पालना सुनिश्चित करें।

उक्त आदेशों को पत्रावली के पैरा 18/एन पर आवासन आयुक्त एवं अध्यक्ष महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

मुख्य सम्पदा प्रबन्धक

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ –

1. निजी सचिव–अध्यक्ष/आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।
2. मुख्य अभियन्ता (मु0), राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।
3. मुख्य अभियन्ता–प्रथम/द्वितीय/सचिव/वितीय सलाहकार/निदेशक विधि, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।
4. अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता–तृतीय रा0आ0म0, जयपुर
4. अति0 निजी सचिव–मुख्य सम्पदा प्रबन्धक, रा0आ0म0 जयपुर।
6. उप आवासन आयुक्त, वृत–तृतीय, रा0आ0म0 जयपुर।
7. आवासीय अभियन्ता खण्ड–ग्यारह/तेरह/टोंक, रा0आ0म0 जयपुर।
8. संयुक्त एनालिस्ट (निदेशक), राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि आदेश की प्रति मण्डल की वेबसाईट पर अपलोड व सभी को मेल करें।
9. सहायक निदेशक, जनसम्पर्क अधिकारी, राज0 आ0 मण्डल, जयपुर।
10. प्रभारी नागरिक सेवा केन्द्र, (मु0), रा0आ0म0, जयपुर
11. रक्षित पत्रावली।

16/6

सम्पदा प्रबन्धक (मु0)

pc-2/F\desktop newly/Office work/Office Order-2015